तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026




12 गायत्री शक्तिपीठ की बैठक में सामाजिक जागरण ...



10 विश्व महिला दिवस पर स्वच्छता दीदियों ...




INTERVIEW
अतिशीघ्र आवश्यकता है
11,12,13 March 2026
समय : सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
5 पद - ड्राइवर पुरुष
2 पद - कंप्यूटर ऑपरेटर महिला पुरुष
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड महिला
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड पुरुष
30 पद - फूड पैकिंग कंपनी के लिए महिला एवं पुरुष
वेतनमान अनुभव के आधार पर
योग्यता-10वीं पास, 22 उम्र से 35 वर्ष सभी पदों के लिए
फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस
इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023



## खबर संक्षेप

### बच्चों को समाजसेवी ने जन्मदिन पर कराया न्यौता भोज



**बालोद/निकुम।** विकास खंड गुण्डरदेही के शासकीय प्राथमिक शाला खुर्सीपार में समाज सेवक पोषण लाल हरमुख ने अपने जन्म दिवस पर बच्चो को न्यौता भोजन कराते हुए कहा की जन्मदिवस समाज सेवा व स्कूली बच्चों के साथ खुशियां बांटने का माध्यम है, इसलिए हमें एक छोटी सी बेहतर कोशिश करनी चाहिए। इस अवसर पर पंच मोती लाल हरमुख, हरिचंद्र बेल चंदन, टेक राम, जोधन यादव सहित स्कूल शिक्षक उपस्थित थे।

### भारतीय स्त्री दर्शन व पाश्चात्य नारीवाद पर ऑनलाइन व्याख्यान



**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्ता स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद के विधि विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय स्त्री दर्शन और पाश्चात्य नारीवाद विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी डॉ. अनुप कुमार पांडेय ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की शुरुआत में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राघवेश पाण्डेय ने स्वागत उद्बोधन देते हुए मुख्य वक्ता का परिचय कराया तथा कार्यक्रम का संचालन किया। अपने व्याख्यान में डॉ. पांडेय ने कहा कि भारतीय स्त्री दर्शन पाश्चात्य नारीवाद की अपेक्षा अधिक समृद्ध और व्यापक है। भारतीय परंपरा में स्त्री को केवल अधिकारों के संदर्भ में नहीं, बल्कि शक्ति, ज्ञान और सृजन की प्रतीक के रूप में देखा गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में स्त्री को देवी स्वरूप मानते हुए उसे समाज में उच्च स्थान प्रदान किया गया है। इस अवसर पर विधि विभाग से डॉ. स्वाति वैष्णव, राजेन्द्र ▶▶| शेष पेज 11 पर

## हड़कंप : ई-मेल से मिली धमकी के बाद खाली कराया कोर्ट, पुलिस ने संभाला मोर्चा

# जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी घंटों रहा हाई अलर्ट, जांच में कुछ नहीं मिला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जिला एवं सत्र न्यायालय को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। न्यायालय के कार्यालय ई–मेल आईडी पर धमकी भरा संदेश मिलने के बाद एहतियातन कोर्ट परिसर को खाली कराया गया और पुलिस को सूचना दी गई। कई घंटों तक चली जांच के बाद परिसर में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

- बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड और एफएसएल की घंटों जांच के बाद परिसर सुरक्षित घोषित

रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को न्यायाधीशो व अधिवक्ता व कर्मचारी अपने दैनिक काम काज के लिए न्यायालय परिसर पहुंच रहे थे, उनके साथ बड़ी संख्या में पक्षकार भी अपने पेशी व अन्य कामो के लिए न्यायालय परिसर पहुंचने लगे थे, इसी दौरान कर्मचारियो ने न्यायालय के कार्यालय ई–मेल आईडी में न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई–मेल देखा, न्यायालय परिसर में पूरी तरह काम काज प्रारंभ होता उससे पहले ही धमकी भरे मेल की जानकारी लगते ही अपना काम काज समेट कर सभी न्यायालय परिसर से आनन फानन में बाहर निकले तथा इसकी जानकारी पुलिस को दी पुलिस अधिकारियो ने सुरक्षा के लिहाज से कोर्ट परिसर में मौजूद सभी न्यायाधीशो को पुलिस सुरक्षा में सर्किट हाउस ले जाया गया।



### विपरीत परिस्थितियों के लिए तैयार थी टीम

जिसके बाद मौके पर बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड, एफएसएल की टीम पहुंची तथा सभी न्यायालय परिसर के अंदर जाकर प्रत्येक कक्ष व सामानों की बारिकी से जांच की, न्यायालय परिसर की जांच करने के बाद न्यायालय परिसर से लगे हुए तहसील कार्यालय की भी जांच की गई। इस दौरान अग्नीशमन व एंबुलेश की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी थी तथा सभी किसी भी विपरीत स्थिति के लिए पूर्ण तैयारी में थे।

### जिले में पहली बार हुई ऐसी घटना

सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ जांच दोपहर 3 बजे तक चला। जिसमे न्यायालय परिसर में कोई बम नही मिला। जिसके बाद दोपहर 3 बजे के बाद पुनः कार्यवाही चलने लगी, पुनः कोर्ट परिसर में न्यायाधीश, अधिवक्ता, कर्मचारी व पक्षकार पहुंचकर अपने कार्य को सुचारू रूप से देर शाम तक संपन्न किये। जिले में यह पहली बार है जब किसी शासकीय कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस द्वारा पूरे घटनाक्रम मे धमकी भरे ई–मेल की तकनीकी जांच की जा रही है और ई–मेल भेजने वाले की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### आसपास के लोगों को 200 मीटर तक किया दूर

जहां बड़ी संख्या में पुलिस बल जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर पहुंचकर पहले तो न्यायालय परिसर के आस पास मौजूद लोगों को दूर किया, उसके बाद मधु चौक, दूध गंगा के पास बैरिकेट लगाकर मार्ग डायवर्ट किया तथा किसी भी प्रकार की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दिया गया।

## बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन प्रशिक्षण त्रुटिरहित व निष्पक्ष अंकन पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में मूल्यांकन उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण ▶▶| शेष पेज 11 पर

- परीक्षकों को मूल्यांकन तकनीक और गोपनीयता का प्रशिक्षण

### गंभीर त्रुटियों से बचने पर जोर

कार्यक्रम का उद्देश्य मूल्यांकन की तकनीकियों एवं सिद्धांतों से परिचित कराना था, ताकि प्रशिक्षण के अनुरूप गुणवत्ता युक्त, त्रुटि रहित मूल्यांकन कार्य का संपादन किया जा सके। मूल्यांकन कार्य में आकलन पूरी गंभीरता, ईमानदारी, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान मूल्यांकन प्रक्रिया में समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गोपनीयता पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में परीक्षकों को उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के दौरान गंभीर ▶▶| शेष पेज 11 पर

## बाइक ने मारी ठोकर घायल अस्पताल में भर्ती

**बालोद।** ईलाज कराकर जा रहे लोगो को सामने से आ रही मोटर सायकल ने ठोकर मार दिया, जिसके बाद पीड़ित के साथी ने ठोकर मारने वाले चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। करेठी थाना डोंगरगाव जिला राजनांदगांव निवासी इसरार खान ने पुलिस को बताया कि 2 मार्च को में अपने मोटर साइकिल सीजी. 08 एके. 5066 में अपने पारिवारिक रिश्तेदारी का भाई अब्दुल बाबर अंसारी निवासी डोंगरगांव को लकवा बिमारी होने से ईलाज कराने के बाद जगन्नाथपुर सांकरा से दोनों वापस डोंगरगांव आ रहे थे। मोटर सायकल को मैं चला रहा था, मोटर साइकिल के पिछे में अब्दुल बाबर अंसारी बैठा था। ग्राम खामतराई चौक के पास मेन रोड में पिनकापार की तरफ से आ रही मोटर साइकिल सी.जी. 24 व्ही 9166 का चालक ग्राम भरदा (ट) निवासी संतोष कुमार ठाकुर ने अपने मोटर सायकल से सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

- लकवा से पीड़ित भाई को इलाज कराकर लौट रहे व्यक्ति के साथ हुआ हादसा


## कलेक्टर ने लिया ग्रीष्मकालीन तैयारी और जनसमस्या निवारण का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने ग्रीष्म ऋतु के आगमन के मद्देनजर जिले में आम नागरिकों को पेयजल की उलपब्धता सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित विभागों के द्वारा की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के दौरान जिले में पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने जिले के प्रत्येक विकासखण्डों में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

- पेयजल उपलब्धता पर दिया जोर

कलेक्टर मिश्रा ने आम जनता एवं हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी अनिवार्य रूप से प्रदान करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने 13 मार्च को बालोद ▶▶| शेष पेज 11 पर



### जनदर्शन में नागरिकों की समस्याओं का किया त्वरित निपटारा

संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगतरा के धनराज साहू ने गांव में पेयजल समस्या एवं विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम चिखली के सरपंच ने गांव शेड एवं चबुतरा निर्माण, बालोद विकासखण्ड के ग्राम दरबारी नवागांव के सरपंच ने आंगनबाड़ी केन्द्र में अहाता निर्माण करने, ग्राम सांकरा के लोमस कुमार ने शेड निर्माण कराने, ग्राम चिरईगोड़ी के छबिलाल ने 10 माह का वेतन भुगतान करने एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव बी के पंचनारायण ने प्रधानमंत्री आवास योजना का राशि दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान जनदर्शन में कलेक्टर मिश्रा ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम भिरई के दिव्यांग सोमन साहू को बैटरी चलित ट्राय सायकिल भी प्रदान किया।








## स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब के तत्वावधान में हुआ आयोजन

# टटेंगा स्कूल में क्राफ्ट मेला, विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल और कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब के तत्वावधान में क्राफ्ट मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक ने की।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि क्राफ्ट गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का बेहतर अवसर मिलता है। शिक्षा में क्राफ्ट को शामिल करने से शैक्षिक प्रक्रियाओं को रोचक और



सहज तरीके से समझाया जा सकता है। उन्होंने क्रूशिया के माध्यम से थाली कवर बनाकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

### विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

क्राफ्ट मेले में विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 11वीं की दिव्या ने झूमर, जिज्ञासा ने क्रूशिया से प्लेट कवर, टिकेश्वरी ने पुरानी साड़ी से पैरदान, मेघा ने ग्रीटिंग कार्ड तथा कक्षा 9वीं के ओमलाल ने बांस से बैलगाड़ी, भारती ने भारत माता का मॉडल और दिवाकर ने पंखा बनाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### हस्तकला से विद्यार्थियों में होता है कौशल विकास: एंथोनी

वरिष्ठ व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने कहा कि हस्तकला से विद्यार्थियों में कौशल विकास होता है और उनकी रचनात्मक प्रतिभा सामने आती है। इससे मस्तिष्क सक्रिय रहता है तथा एकाग्रता बढ़ती है। उन्होंने शॉटन रिबन से गुलाब का फूल, ऊन से खिलौने और टेडीबियर तथा प्लास्टिक की बेकार बोतलों से गमला बनाकर 'कबाड़ से जुगाड़' का उदाहरण प्रस्तुत किया। वरिष्ठ व्याख्याता पवन सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में नवाचार और आत्मअभिव्यक्ति को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को गुलदस्ता बनाना भी सिखाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता एवं यूथ एंड इको क्लब प्रभारी अजय पाठक ने कहा कि यह कार्यक्रम कौशल विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आम के पत्ते से गुलदस्ता और तार से फूल बनाकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### भस्म आरती में पत्नी के साथ शामिल हुए विधायक ललित

**दुर्ग।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पत्नी मीनाक्षी चंद्राकर के साथ महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजे में होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने महाकालेश्वर से प्रदेश की सुख-समृद्धि और विकास के लिए प्रार्थना की। ललित चंद्राकर ने कहा कि महाकालेश्वर का आशीर्वाद हमेशा उनके साथ है और वे प्रदेश के विकास के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि महाकालेश्वर की कृपा से प्रदेश वासियों का जीवन सुखी और समृद्ध बने, यही उनकी कामना है।

### दो सड़कों के लिए 95.36 करोड़ स्वीकृत

**दुर्ग।** राज्य शासन ने दुर्ग जिले में दो सड़कों के लिए 95 करोड़ 36 लाख 40 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से कुल 10.3 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने दुर्ग जिले में पुलगांव मुख्य मार्ग से अंजोरा-रसमड़ा राज्य मार्ग में 5.26 किमी फोरलेन सड़क के निर्माण के लिए 30 करोड़ 20 लाख 91 हजार रुपए मंजूर किए हैं। नंदनी रोड से अंवति बाई चौक तक 5.03 किमी केनाल रोड के लिए भी विभाग द्वारा 65 करोड़ 15 लाख 49 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी चैत्र नवरात्रि

**दुर्ग।** श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर्व एवं मंदिर का 16 वाँ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मानते हुए 19 से 27 मार्च तक विशेष आयोजन किया जावेगा। प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र पर्व पर सत्तीचौरा मां दुर्गा मन्दिर का वार्षिक उत्सव भी मनाया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने समिति की बैठक दुर्गा मंदिर में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर्व एवं 16 वा वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से बनाने का निर्णय लिया गया। समिति के विजय गुप्ता पिंकी ने बताया कि शहर के श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी, जिसकी बुकिंग प्रारंभ कर दी गई है। सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर में प्रत्येक नवरात्रि में लगभग 400 से अधिक ज्योति कलश की स्थापना की जाती है, ज्योति कलश की बुकिंग मन्दिर परिसर में 15 मार्च तक होगी। इस वर्ष मन्दिर का 16 वां वार्षिक उत्सव मनाया जावेगा। जिसमें आकर्षक लाइट, टेंट एवं फूल से साज सज्जा कराई जा रही है, इसके साथ ही फूलों से साज-सज्जा कलकत्ता के कलाकरों द्वारा की जा रही है।

### पंजीयन नहीं करने वाले पंचायत सचिवों को मिलेगा नोटिस

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अधिकारियों की बैठक में प्रकरणों की विभागवार समीक्षा के साथ शासकीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन के वित्त विभाग द्वारा इम्पैनल्ड बैंकों में ही विभाग बैंक खाते का संचालन करे। नॉन इम्पैनल्ड बैंक विशेषकर आईडीएफसी, बंधन बैंक और उत्कर्ष बैंक से विभाग अपने बैंक खाते इम्पैनल्ड बैंक में ट्रांसफर करा लें। उक्त बैंकों में खाते रहने पर शासकीय राशि लैप्स होने पर संबंधित विभाग जिम्मेदार होंगे। कलेक्टर ने अवगत कराया कि विगत दिवस भी डीएलसीसी की बैठक में बैंकर्स द्वारा अवगत कराया गया है कि निष्क्रिय खातों को एक्टिव कर राशि संबंधित विभागों को लौटाई गई है। अधिकारी अपने विभागीय खाते की जांच कर इसकी पुष्टि प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## आयोजन : अकतई, चारभाठा और रीवागहन की 36 स्वच्छता दीदियों को किया गया सम्मानित

# विश्व महिला दिवस पर स्वच्छता दीदियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

विश्व महिला दिवस पर ग्राम पंचायत अकतई के तीनों गांव अकतई, चारभाठा, रीवागहन प्रत्येक गांव की 12 कुल 36 स्वच्छता दीदियों का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित हुआ। ग्राम पंचायत के स्वच्छता समूह की दीदियों को ग्राम पंचायत द्वारा रापा, बाहरी, सुपा, गनबूट, ग्लब्ज एवं सभी को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वच्छता दीदियों ने कहा कि स्वच्छ तन, मन, घर, परिवार और गांव गांव डगर डगर हो इसमें किसी के भी द्वारा किंतु परन्तु, अगर मगर ना हो। सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद ने कहा कि महिला मां बहन पत्नी भाभी के रूप में रिश्तों को महकाती है, घर परिवार को संवारती है और अब तो जमीन और आसमान भी महिला सेना में भतएँ हो देश की रक्षा में करतब दिखाती है। साथ ही साथ पुरुषों के साथ कंधे में कंधा मिला घर परिवार देश की प्रगति में अहम भूमिका निभाने लगी है

- स्वच्छता समूह को पंचायत ने रापा, सुपा, गनबूट व ग्लब्ज भेंट कर बढ़ाया उत्साह



**ये रहे उपस्थित**

सम्मान समारोह में मनोज कुमार मांडवी, यमुना ठाकुर, बुद्धियारिन ठाकुर, पुष्पा सिन्हा, कमलेश्वरी ठाकुर, पीताम्बर मारकंडे, पुष्पा साहू, उषा रात्रे, देवेंद्र साहू, हरीश साहू, देवराज ठाकुर, जीधन साहू अलख मारकंडे, योगेश ठाकुर, स्वच्छता समूह दीदी अध्यक्ष रमशिला साहू, जानकी ठाकुर, दुर्गा साहू की उपस्थिति रही।

महिलाएं। उन्होंने कहा कि संस्कार की प्रधानता के साथ महिलाएं कदम बढ़ाए ऐतिहासिक मंजिल पाए।उपसरपंच दीपा मारकंडे ने कहा कि नारी तू नारायणी के ध्येय वाक्य को ध्यान रखकर महिलाएं काम करे, गांव देश घर परिवार के विकास में नारी की सहभागिता गौरव मय इतिहास लिखती चली जाएगी। उन्होंने कहा कि जीवन की रथ में एक पहिया पुरुष तो दूसरा पहिया महिला होती है और दोनों की समझदारी से सारा संसार व्यवस्थित चलती है। रथ के दोनों पहिए सलामत रहे इसके लिए समर्पण अवश्य होना चाहिए, अहंकार से बचना चाहिए। दोनों में कोई कमजोर ना समझे किसी को तभी जीवन नैया ठीक से मंजिल पा सकेगी।

## गायत्री मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मनी रंग पंचमी, सामाजिक दायित्वों को लेकर हुआ चिंतन

**बालोद।** गायत्री मंदिर बालोद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जिसमे महिलाओ ने रंग गुलाल खेलते रंग पंचमी मनाया। इस दौरान महिलाओ ने अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वो को लेकर भी चिंतन किया। महिलाओ ने परिवार में संस्कार की कमी के कारण एवं उसके निराकण पर चर्चा की।

जिसमे मुख्य अतिथि पूजा साहू ने कहा कि आज भारतीय नारी भी विश्व राजनीति, सामाजिक गतिविधि चाहे खेल हो या विमान और ट्रेन चलाने में आगे बढ़ रही है, लेकिन आज घर परिवार से संस्कार समाप्त होते जा रहा है, जो चिंता का विषय है। भारत का स्वर्णिम इतिहास में संस्कार से भरा पूरा परिवार होता था, जिसका आज अभाव है, इसके लिए महिलाओ को आगे आना होगा, समाजिक बुराई को हटाना होगा, भारत की पूजा संस्कार है उसे नष्ट होने से बचाना है।



**वक्ताओं ने रखे अपने विचार**

कार्यक्रम में पूजा जैन, डाली साहू, निशा योगी, सोंकली पटेल, हेमवती सिहारे अतिथि के रूप मे मंचासीन थे। निशा योगी ने सामाजिक कुरीति उन्मूलन के संबंध में, सोन कली पटेल ने नारियों की स्थिति तब और अब पर अपने विचार रखे। हेमवती सिहारे ने नारी शक्ति सशक्तिकरण के बारे में अपने विचार रखे, कुमुदनी साहू वकील ने महिला उत्पीड़न के संबंध में कानूनी उपाय की जानकारी दी, केशर देवांगन ने छत्तीसगढ़ी लोक गीत तथा फाग गीत प्रस्तुत किया। ये रहे उपस्थितः कार्यक्रम में शकुन सोनी, सरोज, अनिता, शशी, पद्मनी, पार्वती, कांति, निर्मला, रूखमणी, पुष्पा यादव, दिलेश्वरी, मीना, चमेली, वर्षा दुबे, जयति पटेल तथा रामायण समिति की सभी महिलाएं उपस्थित रहे। अंत में शांति साहू ने आभार व्यक्त किया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर परिचर्चा नारी सशक्तिकरण पर रखे गए विचार

**डौण्डीलोहारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय डौण्डीलोहारा एवं महिला प्रभाग (आरईआरएफ) के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय सेवा केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। परिचर्चा का विषय था वंदेमातरम-स्वर्णिम भारत । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहन कांति प्रकाश सोनबरसा अध्यक्ष जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा थे।

- ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में 'वंदेमातरम-स्वर्णिम भारत' पर विषय मंथन

अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी संचालिका ब्रह्माकुमारीज़ डौंडीलोहारा ने किया। विशिष्ट अतिथि भ्राता सुनील कुमार साहू परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास डौंडीलोहारा,बहन नेहा उपाध्याय उपाध्यक्ष नगर पंचायत डौण्डीलोहारा, ममता यादव पार्षद, रोहिणी नायक शिक्षिका,ओमेश्वरी साहू एचपी गैस एजेंसी देवरी एवं हर्षा देवांगन लेखिका डौंडीलोहारा थे। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



ब्रह्माकुमारी लता दीदी एवं भारती बहन ने अतिथियों एवं सभी महिलाओं का बैज लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में महिलाओं के सम्मान, त्याग, सेवा, समर्पण, सशक्तिकरण पर प्रेरक विचार व्यक्त किये।

**सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए नारी को सशक्त होना आवश्यकः बीके सीमा दीदी**

ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि नारी त्याग, समर्पण, ममता और शक्ति का जीवंत स्वरूप है। समाज, परिवार और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए नारी को सशक्त होना आवश्यक है। इसके लिए अध्यात्मिकता को अपनाना चाहिए। नारियों को चरित्रवान बनने एवं गुणों का विकास करने के लिए अध्यात्मिकता आवश्यक है। आध्यात्मिकता से परिपूर्ण नारी ही देश, समाज एवं परिवार का कल्याण कर सकती है। इस अवसर पर प्रसिद्ध लेखिका एवं कवियित्री बहन हर्षा देवांगन का शाल, श्रीफल एवं सौगात भेंटकर सम्मानित किया गया। संस्था के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

## महिला दिवस पर जागरूकता सम्मान समारोह कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जांच

**दल्ली राजहरा।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक 20 स्थित दुर्गा मंच गांधी चौक में जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ स्वास्थ्य जांच, खेलकूद और सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

- नपाध्यक्ष ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित
- खेलकूद और सम्मान कार्यक्रम से महिलाओं में बढ़ी जागरूकता

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए समाज में महिलाओं की समान भागीदारी तथा बाल विवाह पर पूर्ण रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। तोरण लाल साहू ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाएं संचालित कर रहा है। महतारी योजना के माध्यम से महिलाएं बचत कर छोटे व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। एसडीएम सुरेश साहू ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज हर व्यक्ति की सफलता के पीछे किसी न किसी रूप में महिला का योगदान होता है। सरकार द्वारा महिलाओं के विकास और उत्थान के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनसे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।





**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष तोरण लाल साहू उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में एसडीएम सुरेश साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह, पार्षद सुरेश जायसवाल, टी ज्योति, स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखूराम साहू, पूर्व पार्षद किरण सिन्हा, सुखवन्तीन ठाकुर तथा स्व-सहायता समूह अध्यक्ष चन्द्रिका निर्मलकर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर रेणु छत्रपाल ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सुपरवाइजर किरण रात्रे ने किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, विभिन्न वार्डों की गर्भवती महिलाएं, शिशुवती व धात्री माताएं, किशोरी बालिकाएं तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

**वक्ताओं ने रखे अपने विचार**

कार्यक्रम में टी ज्योति ने महिला दिवस पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। वहीं सुरेश जायसवाल, किरण सिन्हा और सुखवन्तीन ठाकुर ने भी महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखूराम साहू ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 57 महिलाओं का हीमोग्लोबिन, शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई तथा गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरित किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकने में सक्रिय भूमिका निभाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कुपोषण से सुपोषित हुए बच्चों को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## महिला दिवस पर गुण्डरदेही में हुआ महिलाओं का सम्मान

**गुण्डरदेही।** महिला बाल विकास विभाग के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुण्डरदेही प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कांति सुनेश्वरी ने कहा और महिलाओं के दृष्टिकोण के प्रति समाज में अंमूल चूल परिवर्तन हुआ है, राष्ट्रपति से लेकर कलेक्टर विधायक एवं अन्य महत्वपूर्ण पर पद पर महिलाओं को सम्मान मिल रहा है।

शमशाद बेगम ने अपने संघर्ष की कहानी के साथ महिलाओं का हौसला अफजाई किया। सभापति हेमलता देशलहरे, जनपद सदस्य हेमपुष्पा साहू, पूर्णिमा साहू, किरण तारम, पार्षद शैली महोबिया ने भी महिलाओं के उत्तरोत्तर प्रगति पर हर्ष व्यक्त किया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा खेल, रंगोली, संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



मितानिन प्रेरक यशोदा ठाकुर ने महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति जागरूक एवं सचेत रहने का संदेश दिया। केशव राम साहू ने कहा कि नारी की मुस्कान से ही परिवार एवं समाज में खुशी आती है, प्रधानमंत्री का एक पेड़ मां के नाम से महिलाओं के प्रति सम्मान के लिए प्रेरणा मिलती है। पार्षद हरीश कुमार निषाद, प्रभारी प्राचार्य कोमल सिंह साहू उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडे ने बाल विवाह मुक्त जिला बालोद पर आलेख प्रस्तुत किया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू ने बेटियों के सुरक्षा पर बात कही, डॉक्टर एसके साहू जिला समन्वयक ने महिलाओं के लिए सरकार द्वारा जारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुमा साहू, संतोषी साहू, नीता देशमुख, प्रेरणा, मंजू लता चंद्राकर, सुमित्र देशलहरे, भगवती साहू, नेहा सिरमौर, ईश्वरी साहू ने महिलाओं की भूमिका संबंधी गीत प्रस्तुत किया। आभार प्रदर्शन खलेश्वरी नाग परियोजना अधिकारी गुण्डरदेही द्वारा किया गया।

**इनका हुआ सम्मान**

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं का सम्मान किया गया, जिसमें आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रीति प्रभा दिल्लीबार, पूर्व माध्यमिक शाला भिरई के शिक्षिका मौसमी साहू, समूह के महिला टिकेश्वरी साहू, सावित्री, जय, संतोषी, वंदना विश्वकर्मा, ननकी बाई, चारा चार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना टंडन, सहायिका रूपेश्वरी साहू का सम्मान किया गया। **इनकी रही विशेष भूमिकाः** अंत में बाल विवाह को रोकने हेतु सामूहिक संकल्प एडीएम चंद्र प्रकाश कौशिक द्वारा दिलाया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक गण रुक्मणी साहू, स्मृति सिंह, नम्रता चंद्राकर, रीना लहरे, खिलेश्वरी चंद्राकर, कोमल कोहनी, मन्नू भुआर्य, टिकेश्वरी भुआर्य, सृष्टि मांडवी की विशेष भूमिका रही।

## महिला मोर्चा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मनाया मिलेट फेस्टिवल

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में मिलेट फेस्टिवल आनंद मेला का आयोजन किया गया।

उपस्थित महिलाओं ने फाग गीतों पर नृत्य कर होली पर्व मनाया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने सभी महिलाओं से शासन की योजनाओं का लाभ लेने आगे आने और जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने आह्वान किया।

जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ मोना टुवानी के नेतृत्व में जिला भाजपा महिला मोर्चा ने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। आयोजन मे जिले की



महिलाएं आपस में मिली, कार्यक्रम में स्वसहायता समूह व बिहान की बहनो को अपने हाथो से बनाये पापड़, बड़ी, मिलेट्स के व्यंजनों सहित और भी अनेक प्रकार की चीज़ों को विक्रय करने का अवसर प्राप्त हुआ। इसमें प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष कमलेश शाश्वत सम्मिलित हुई। आयोजन में महिलाओं व स्वसहायता समूह की बहनों का सम्मान किया गया। साथ ही मिलेट के लाभ, उससे तैयार होने वाले लाभदायी व्यंजनों के बारे में जानकारी दी गई।

## ब्रह्माकुमारीज ने नारी सशक्तिकरण पर किया स्नेह मिलन व ब्रह्मा भोजन

**बालोद।** नारी सशक्तिकरण के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन व ब्रह्मा भोजन का आयोजन ब्रह्माकुमारीज आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में किया गया। जिसमें डीएसपी. थाना भानुप्रतापपुर शेर बहादुर ठाकुर, तहसीलदार कोमाखान बागबाहरा हरीशकांत धुरव, एडवोकेट अशोक कुमार कश्यप,, व्याख्याता गीता ठाकुर, नीलम ठाकुर, मोनिका ठाकुर व ब्रह्माकुमारीज संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी, बीके. सरिता दीदी उपस्थित रहे तथा मंच संचालन बी.के. नेहा दीदी ने किया।

- माताओं और महिलाओं के मनोबल व नेतृत्व पर जोर

ब्रह्माकुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका बीके विजय लक्ष्मी दीदी ने नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि नारी परिवार की धुरी है एक मां अपने बच्चों को 9 मास तक गर्भ में रखती है, बड़ा करती है, नौकरी चाकरी लगा देती है और वही बच्चे बड़े होकर अच्छे पद पर आसीन होकर भी अपने मां–बाप का भी ध्यान नहीं रखते इसलिए समाज में इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम अपने माता–पिता की दिल से सेवा करें उनकी दुआएं व आशीर्वाद ले।





**लोगों ने जाहिए किए अपने अनुभव**

डीएसपी शेर बहादुर ठाकुर ने कहा जीवन में सत्संग का बहुत महत्व है, सांइटिफिक तरीके से राजयोग मेडिटेशन का हमारे मन और शरीर पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।

विशेष रूप से उन्होंने कहा कि बच्चों को कभी भी दबाव में रखकर पढ़ाई पर जोर न दे बल्कि उनके नैतिक व आध्यात्मिक ज्ञान के आधार से श्रेष्ठ कर्म करने पर जोर दे। हरीश ठाकुर ने कहा संस्था के संपर्क में आने से ही मुझे ज्ञान के द्वारा शान्ति और सुख का अनुभव हुआ। अशोक कुमार कश्यप ने कहा कि असली सम्मान के हकदार तो ब्रह्माकुमारी संस्था के बहन है। बहन गीता ठाकुर ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए एवं मनोबल बढ़ाने में ब्रह्माकुमारी में सिखाए जाने वाले राजयोग का मेरे जीवन में बहुत बड़ा सहयोग रहा है।

नीलम ठाकुर ने कहा कि जीवन जीने की कला इस संस्था में आकर सिखा है, हलचल में अचल रहना, अशांत वातावरण में भी शांत व स्थिर रहना सुख व शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करना हमने यहां से सीखा है।

**राजयोग एक सशक्त माध्यमः बीके विजय लक्ष्मी दीदी**

बीके विजय लक्ष्मी दीदी ने कहा कि माताओं में सहन करने की शक्ति होती है। जिसके द्वारा वह विषम से विषम परिस्थितियों को भी सहन कर सकती है, किंतु सहन करने के साथ–साथ उन बातों को समाने की भी शक्ति होनी चाहिए, ताकि हम बुरी बातों को समाज में फैलाए नहीं बल्कि अपने तक ही समाप्त कर दें। इसी प्रकार माताओं में दूसरी कमजोरी होती है मोह की। बच्चों के प्रति अति मोह होने के कारण कभी–कभी हम उनकी गलतियों पर भी पर्दा डाल देते हैं जिसका दुष्परिणाम कभी कभी भविष्य में दिखाई देता है। अतः सभी माताओं को इन बुराइयों से बचने के लिए अपने अंदर दृढ़ मनोबल को बढ़ाना होगा जिसके लिए राजयोग एक सशक्त माध्यम है। राजयोग ध्यान के माध्यम से हम परमात्मा से शक्तियां लेकर अपने अंदर जो चाहे वह परिवर्तन आसानी से ला सकते हैं।बीके सरिता दीदी ने परमात्मा का संदेश देते हुए कहा कि वो अजन्मा है, सर्वोच्च है, सर्वज्ञ है, सर्व गुणों का भंडार है, जो सर्व धर्म मान्य है। वो निराकार शिव है।

## खबर संक्षेप



### महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम

**बालोद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के अधिकारों एवं सशक्तिकरण के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से संरक्षण, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद की सचिव भारती कुलदीप ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। महिलाओं को शिक्षा, समान अवसर एवं सम्मान प्रदान करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पैरालीगल वालेंटियर एवं अन्य उपस्थित लोगों ने भी महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता के लिए समाज में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में सभी ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं समानता सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

### बालोद में ग्लाकोमा सप्ताह का आयोजन

**बालोद।** नेत्र से संबंधित गंभीर रोगो का पहचान करने 8 मार्च से ग्लाकोमा सप्ताह प्रारंभ हुआ, ग्लाकोमा सप्ताह का आयोजन 14 मार्च तक किया जाएगा। नेत्र संबंधी बिमारियों की पहचान करने व जन जागरूकता फैलाने के लिए ग्लाकोमा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद के अंतर्गत जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ जेएल उईके, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा के मार्गदर्शन तथा सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व मे पूरे विकासखण्ड में विश्व ग्लाकोमा सप्ताह का आयोजन 8 मार्च से किया जा रहा है।

### कर्मी करेंगे 30 को हड़ताल यूनियनें हो रही एकजुट

**भिलाई।** एफएसएनएल बचाओ संघर्ष समिति की बैठक हुई। बैठक में सेल और केंद्र सरकार के खिलाफ 30 मार्च से भिलाई इस्पात संयंत्र में हड़ताल की घोषणा पर जाने की रणनीति बनी। इसके लिए फेरो स्क्रैप निगम में कार्यरत यूनियनों ने एक संयुक्त संघर्ष समिति के गठन करने का निर्णय भी लिया। संयोजक और सदस्यों की एक टीम गठित की। टीम विभिन्न मोर्चों पर अपनी तैयारी को अंजाम तक पहुंचाने हेतु कार्य करेगी। इस संघर्ष के लिए एफएसएनएल संघर्ष समिति के संयोजक गजेंद्र सिंह, राजू लाल श्रेष्ठ और अरुण सिंह सिसोदिया के रूप में सभा ने एक स्वर में ज़म्मिेदारी सौंपी। साथ ही अन्य 20 सदस्यों को समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। सिसोदिया ने बताया कि फेरो स्क्रैप निगम एक सरकारी कंपनी भारत सरकार के अधीन 1979 से थी।

**आयोजन**

विद्यादायिनी फाग एवं झांकी धनडोंगरी ने मुख्य श्रेणी में पाया प्रथम स्थान

# संबलपुर में एक दिवसीय फाग स्पर्धा, 13 मंडलियों ने बिखेरा लोक संस्कृति का रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

क्षेत्र में पारंपरिक लोक संस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से समीप के ग्राम संबलपुर के नवयुवक फाग उत्सव समिति द्वारा आयोजित एक दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 13 मंडलियों की सहभागिता रही। जिसके मुख्य अतिथि चुन्नी मानकर जिला पंचायत सदस्य, टिकेश्वरी साहू जनपद सदस्य, रेनू गायकवाड़ सरपंच, माधव गोस्वामी, लाल निवेंद्र टेकाम,तोमन लटिया, मिलन निषाद, दिनेश्वर मिश्रा, चतुर पटेल,गंगा राम निषाद,उपस्थित थे।





इस प्रतियोगिता में विभिन्न ग्रामों की फाग मंडलियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। निर्णायकों द्वारा घोषित परिणामों के आधार पर विजेता टीमों को मुख्य पुरस्कार, रासलीला वर्ग पुरस्कार एवं विभिन्न आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा गया। फाग गायन की मुख्य श्रेणी में श्री विद्यादायिनी फाग एवं झांकी धनडोंगरी (राजनादगांव) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं अन्य विजेताओं का क्रम इस प्रकार रहा ,द्वितीयः माँ की ममता पायल पूरन एवं फाग मण्डली, भोथीपार कला,तृतीयः जय माँ शीतला जस फाग झांकी खलारी (बालोद),चतुर्थः श्री हरिहर फाग जस मण्डली झण्डातालाब,पंचमः जय श्री कृष्ण नेवारिया चरवाहा पीसे गाँव (दुर्ग), रासलीला वर्ग एवं अन्य विशिष्ट पुरस्कार मे जय माँ काली सेवा भजन, कुँवरझोरकी ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर राधा कृष्ण सेवा फाग धनोरा (दुर्ग) और तृतीय स्थान पर जय शीतला सेवा भजन फाग अड़मागोदी की टीम रही।

### इन्हें भी मिला पुरस्कार

प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रदर्शन के लिए आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए। प्रथम मंचस्थः अछोली, सर्वश्रेष्ठ गायनः झिंडातालाब, सर्वश्रेष्ठ वादनः गूंगेरी नवागांव, सर्वश्रेष्ठ झांकीः भरदा (डौंडीलोहारा), सर्वश्रेष्ठ वेशभूषाः पीसेगांव, सर्वश्रेष्ठ अनुशासनः जेवरतला, सर्वश्रेष्ठ नृत्यः पुरेना, सर्वश्रेष्ठ संगीतः अछोली और अंतिम मध्यस्थः धनौरा को प्राप्त हुआ। **इन्होंने आयोजन में की सहभागिताः** इस गरिमामय आयोजन के निर्णायक मंडल में मुख्य रूप से विरेंद्र अजनबी, लोचन निषाद एवं नंदराम पटेल थे। जिन्होंने सूक्ष्मता से प्रदर्शन का अवलोकन कर परिणाम घोषित किए। कार्यकम का सफल संचालन जगन बाबा एवं इंद्रपाल ने किया। समिति के अध्यक्ष कुलेश्वर निषाद, उसेन पटेल, देवराज रात्रे के अलावा सदस्यों ने आयोजन मे सहभागिता दी। अंत में अतिथियों द्वारा सभी विजेता दलों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## भीमकन्हार में एक दिवसीय फाग मिलन व झांकी स्पर्धा

**बालोद।** भीमकन्हार में राधे कृष्णा युवा फाग समिति बाजार चौक एवं समस्त ग्रामवासी भीमकन्हार के तत्वावधान में एक दिवसीय होली मिलन फाग एवं झांकी प्रतियोगिता ग्राम भीमकन्हार बाजार चौक में आयोजन किया गया।

जिसमें प्रथम पुरस्कार 7001 रूपये श्री हरि फाग जस झांकी परिवार झंडातालाब, द्वितीय पुरस्कार 5001 रूपये श्री कृष्ण नेवरिया चरवाहा फाग एवं झांकी परिवार पिसेगांव, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये हरदेव लाल बाबा कठोलपाति फाग एवं जस झांकी परिवार घीना, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपये शीतला के अचरा नंदगईया जस झांकी एवं फाग मंडली, पंचम पुरस्कार 1001 रूपये जय ठाकुर देवलोक कला फाग परिवार कातरो को प्रदान की गई। वहीं रास एवं गायन के तहत प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये दैहान, द्वितीय पुरस्कार 2001 रूपये बैहाकुंआ, तृतीय पुरस्कार 1501 रूपये कुंवार झोरकी, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये धनोरा, पंचम पुरस्कार 501 रूपये जगन्नाथपुर व बेस्ट वादन, धनोरा वाड नं.07 बेस्ट वेशभूषा, कुंवार झोरकी बेस्ट झांकी, अमलीडीह बेस्ट गायन, बैहाकुंआ बेस्ट वख्या, झंडातालाब बेस्ट अनुशासन, भरदा अंतिम मंचस्थ प्रतिभागी कातरो को प्रदान की गई।



### आयोजक समिति में ये रहे शामिल

आयोजक समिति के सदस्य धनश्याम चन्द्राकर, सुरेन्द्र कोरटिया, पियूष खरे, पोषण चंदेल, थानेशवर मलिया, राजेश मलिया, दिनेश चन्द्राकर, नरसिंग किसान, खिलावन कोसमा, लोकेश साहू, डोमेन्द्र भुआर्य, रुस्तम भुआर्य, कमलेश भुआर्य, तोरण रावटे है। यह जानकारी श्री शिव कुमार सिन्हा के द्वारा दिया गया।

## होली उत्सव पर प्रदेशभर की मंडलियों ने दी शानदार प्रस्तुति



**बालोद।** ग्राम मुढ़िया में होली उत्सव के पावन पर्व पर अजय नव जस झांकी मंडली एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्तरीय एक दिवसीय फाग गीत एवं झांकी प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये जय श्री कृष्णा नेवरिया चरवाहा फाग एवं झांकी मंडली पिसेगांव, द्वितीय पुरस्कार 2501 रूपये आदर्श नवयुवक फाग परिवार पड़कीभाट, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये श्री हरिहर फाग झांकी मंडली झंडातालाब, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रूपये श्री शांति सागर रामधुनी एवं फाग झांकी मंडली अनन्या नवागांव, पंचम पुरस्कार 1001 रूपये मां शीतला पंकज जस एवं झांकी मंडली अमलीडीह, षष्टम पुरस्कार 701 रूपये मां शीतला जस एवं झांकी मंडली खलारी को प्रदान की गई। वही बेस्ट गायन हमर जहुरिया फाग परिवार सुरेगांव, बेस्ट वादन जय मां सरस्वती फाग एवं झांकी मंडली पड़की भाट, बेस्ट झांकी जय मां काली सेवा एवं फाग मंडली कुवांर झोरकी, बेस्ट नृत्य शक्ति फाग एवं झांकी परिवार भोथीपार को प्रदान की गई।

### ये रहे उपस्थित

समापन समारोह सरपंच ग्राम पंचायत मुढ़िया हरेश कुमार कौशिक, बाबू लाल साहू, ईश्वर लाल भुआर्य, टीमन लाल साहू, टीएल साहू, दर्शन लाल नायक, उदय राम सिन्हा, भुनेश्वर साहू, धर्मेन्द्र कुमार साहू, सियाराम, आयोजन समिति जगेशवर सिन्हा, युवराम सिहारे, गैंद लाल निषाद, धनराज साहू, केशव लाल निर्मलकर, राजू साहू, डोमन रावटे, लीलाधर देशमुख, अनिल साहू उपस्थित थे। यह जानकारी शिव कुमार सिन्हा के द्वारा दिया गया।

## तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा में महिला शक्ति का सम्मान

**दल्ली राजहरा।** तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम उमा साहू अध्यक्ष कर्मा महिला प्रकोष्ठ के सानिध्य में संपन्न हुआ।

समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया तथा एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली उत्सव की खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम में केलाबाड़ी वार्ड क्रमांक 12 की महिला पार्षद मोनिका साहू, वार्ड क्रमांक 5 की पूसई साहू तथा नगर के चार परिक्षेत्रों का नेतृत्व कर रहीं महिला अध्यक्ष—गांधी चौक परिक्षेत्र से रेखा साहू, रेलवे कॉलोनी परिक्षेत्र से कुंती साहू, 256 चौक परिक्षेत्र से राजेश्वरी साहू और कोण्डे पावर हाउस परिक्षेत्र से लिली साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का स्वागत भाषण उमा साहू ने दिया, वहीं महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज में लंबे समय से सक्रिय रहकर विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रहीं सत्या साहू, द्रौपदी साहू, विमला साहू, चंपा साहू, वीणा साहू और साधना साहू को भी श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही तहसील साहू संघ राजहरा के 15 परिक्षेत्रों की महिला संयोजिकाओं का भी सम्मान किया गया।





### महिलाओं की जिम्मेदारियां होती हैं बहुआयामीः सत्या साहू

सचिव तरुणा साहू ने कहा कि जब एक महिला शिक्षित होती है तो पूरा परिवार और समाज शिक्षित होता है। इसलिए घर-परिवार और आसपास की बालिकाओं को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना और उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोग देना जरूरी है। अंजू साहू ने अपने विचार रखते हुए कहा कि किसी भी कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा दिए गए विचारों को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए, क्योंकि वे समाज की गतिविधियों और दिशा को सामने लाने का कार्य करते हैं। सत्या साहू ने कहा कि महिलाओं की जिम्मेदारियां बहुआयामी होती हैं। कई महिलाएं घर-गृहस्थी संभालती हैं तो कई महिलाएं अन्य क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभाती हैं। उन्होंने समाज की गतिविधियों में महिलाओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम का मंच संचालन विमला साहू ने किया। अंत में सभी महिलाओं ने होली के रंगों के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और उत्साहपूर्ण माहौल में समारोह का समापन हुआ।

## होली पर्व पर फाग महोत्सवों में शामिल हुए जिपं सदस्य राजाराम





**डौंडीलोहारा।** होली पर्व के शुभ अवसर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम शामिल हुए। उन्होंने ग्राम कोरगुडा में आयोजित फाग महोत्सव के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ की गई तथा उपस्थित अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों तथा शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन लोग आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हैं और समाज में प्रेम व सौहार्द का संदेश देते हैं। इसके बाद वे सहगांव में आयोजित फाग प्रतियोगिता में भी शामिल हुए, जहां ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। साथ ही ग्राम चिपरा में आयोजित रामायण सम्मेलन में भी उन्होंने भाग लिया, जहां बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वहीं ग्राम पंचायत बैहाकुंआ में आयोजित फाग महोत्सव के समापन समारोह में भी वे शामिल हुए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उनके साथ जनपद सदस्य भूपेश नायक, सरपंच किशोरी साहू, मंथीर भंडारी, कोरगुडा सरपंच लक्ष्मीनारायण देवांगन, चिपरा सरपंच यशराम राणा, संदीप साहू, सचिव सुखीत भुआर्य, भुवन अलेंद्र, भूपेंद्र धनेन्द्र, पुना रावटे, उपसरपंच गिरधारी राणा, तोरण बाई, धनगुन कुमारी बाई भुआर्य (पूर्व सरपंच), अंजोर अलेंद्र ग्राम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व युवा उपस्थित रहे।

## एनएमएमएस परीक्षा 2 मई को, चयनित छात्रों को 12वीं तक मिलेगी छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसई) के तहत आगामी 2 मई 2026 को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

इस योजना के अंतर्गत चयनित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रतिमाह 1000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यार्थी ऑफलाइन माध्यम से आवेदन फॉर्म भर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गई है। परीक्षा में वही विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे जो राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त या स्थानीय निकाय के स्कूलों में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत हों तथा कक्षा 7वीं में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक (एससी-एसटी वर्ग के लिए 5 प्रतिशत की छूट) के साथ उत्तीर्ण हुए हों। साथ ही अभिभावकों की वार्षिक आय सभी स्त्रोतों से 3.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, निजी एवं आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे।

## भंडेरा में पहली बार आयोजित फाग सम्मेलन में मना छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक के ग्राम भंडेरा में नव युवक समिति के तत्वावधान में पहली बार फाग सम्मेलन का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। फाग सम्मेलन में कुल आठ मंडलियों ने भाग लेकर छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति और फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

■ फाग गीतों और लोकनृत्यों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

इनमें जय मां सरस्वती गेड़ी नृत्य रामधुनी एवं फाग झांकी परिवार माटरा खुज्जी (राजनांदगांव), जय मां शारदा जस एवं फाग परिवार मुजगहन, छत्तीसगढ़ी लोककला मतौना डांस एवं फाग परिवार किल्लेकोड़ा, मया के सुरता फाग परिवार सिंगारपुर, श्री कृष्णा सखा फाग एवं जस परिवार फरदफोड़ तथा जय परमानंद महिला फाग एवं जस परिवार कापसी सहित अन्य मंडलियां शामिल रहीं। इस अवसर पर विशेष अतिथि दुलारी बाई देवांगन ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व है और ग्राम भंडेरा में पहली बार फाग सम्मेलन का आयोजन होना गर्व की बात है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह आयोजन आगे भी निरंतर जारी रहेगा। मुख्य अतिथि डॉ. बी.एल. साहसी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि सत्य की ही हमेशा विजय होती है और इसी सत्य को कायम रखने के लिए इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।



**इनका रहा विशेष योगदानः** कार्यक्रम के सफल संचालन में रोशन राणा, केवल राणा, योगेश साहसी, उकेश राणा, नरोत्तम राणा, पंकज देवांगन, गिरधारी सिन्हा, आशु निषाद, लेखराम साहू, कमलेश सहित कई युवाओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एन. ढाले ने किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल पुरस्कृत डॉ. बी.एल. साहसी (व्याख्याता) थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र ढाले (समिति प्रबंधक अछोली) ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य दुलारी बाई देवांगन, पूर्व सरपंच पोषण देवांगन, सोहन साहसी, शेखर साहसी, लीवन साहसी, लोकेश साहसी, सावंत राम राणा, रामराज, रामकुमार, डहरिया जी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पेज 9 का शेष

### बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन ...

कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मूल्यांकन केंद्र अधिकारी अरुण कुमार साहू ने उपस्थित मुख्य परीक्षक एवं उपमुख्य परीक्षकों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि मूल्यांकन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण, गोपनीय एवं जिम्मेदारीपूर्ण दायित्व है। मूल्यांकनकर्ता अपने निष्पक्ष निर्णय एवं सूक्ष्म निरीक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा प्रदान करते हैं। सभी मूल्यांकनकर्ता बोर्ड द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों एवं मापदंडों का पालन करते हुए मूल्यांकन कार्य की विश्वसनीयता बनाए रखें, ताकि ताकि पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्गणना के प्रकरण में कमी लाई जा सके।

### गंभीर त्रुटियों से ...

त्रुटियों से बचने, अंक प्रदान करने की सही पद्धति एवं मूल्यांकन की एक रूपता बनाए रखने हेतु विशेष विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उत्तर पुस्तिका के सुरक्षित संधारण गोपनीयता एवं समय सीमा के अंदर मूल्यांकन कार्य संपन्न करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया। मोबाइल का उपयोग मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकन केंद्र में किए जाने की सख्त पाबंदी है।

### बाइक ने मारी ...

एक्सीडेंट करने से मेरे मोटर साइकिल के पीछे में बैठे अब्दुल बाबर अंसारी के दाहिना पैर पंजा के उपर भाग में गहरी चोटें लगी थी, उस समय काफी खुन निकल रहा था तब मैं उसे तुरंत अपने मोटर सायकल के पीछे में बैठाकर ईलाज कराने सरकारी अस्पताल डोंगरगांव में लेकर गया। डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रिफर करने पर राजनांदगांव में भर्ती कराया हूं।

### कलेक्टर ने लिया ...

विकासखण्ड के ग्राम पोण्डी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दयारे में मादक पदार्थों के खरीदी–बिक्री की रोकथाम की पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सघन पौधरोपण अभियान के अंतर्गत रोपे गए पौधों के सुरक्षा हेतु किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने–अपने विभागों के अंतर्गत रोपे गए पौधों का सुरक्षा एवं देखरेख की समुचित प्रबंध करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारी–कर्मचारियों के बॉयोमेट्रिक उपस्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में मिश्रा ने सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को न्यायालयीन प्रकरणों का समय पर जवाब प्रस्तुत करने तथा विधानसभा के प्रश्नों का जवाब अपने प्रभारी अधिकारी के अनुमोदन के उपरांत ही नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### भारतीय स्त्री दर्शन व ...

प्रसाद गेंद्रे, डॉ. पूनम चंद गुप्ता, सुब्रत मंडल एवं नितिन मिंज उपस्थित रहे। साथ ही विधि विभाग के छात्र–छात्राओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जेके. पटेल द्वारा किया गया।



## खबर संक्षेप

### एचके कुंजाम बने जिला सचिव कार्यकर्ताओं में खुशी

**बालोद।** जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के जारी नवीन कार्यकारिणी में वनांचल क्षेत्र के ग्राम बड़भूम निवासी एचके कुंजाम को जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के सचिव पद पर नियुक्त किया गया है।



एचके कुंजाम व्याख्याता पद से सेवानिवृत्त होने के बाद कांग्रेस प्रवेश किए, थे, वर्तमान में मंडल कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष एवं तहसील गोंडवाना गोड़ समाज गुरूर के तहसील उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे। एचके कुंजाम के सचिव पद पर नियुक्त होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मीडिया प्रभारी शिवम्-कुरैटी, सेक्टर प्रभारी बल्ला कुंजाम, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, दयालु कुंजाम, पूर्व जनपद सदस्य कुलेश्वरी गावड़े, हीरामन सोरी, युवा नेता सीताराम सोरी, दामन बेसरा, सुरेश कुरैटी, प्रभु कोमरा, माखन बघेल, बिरसिंह कुंजाम, उपसरपंच रामाधार कुंजाम, साधु राम कुरैटी, सखाराम कुरैटी सहित कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

### रजक समाज का परिचय व होली मिलन 15 को

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ रजक समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन व फूलों की होली मिलन समारोह का आयोजन सुपेला स्थित कर्मा विद्यालय साहू मित्र सभागार में है।समारोह रविवार 15 मार्च दोबपहर 2 बजे शुरु होगा। मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन होंगे। अध्यक्षता हाईकोर्ट बिलासपुर के चंदन सिंह निर्मलकर, सीएल निर्मलकर करेगें। विशेष अतिथि में प्रदेश अध्यक्ष धोबी समाज सूरज निर्मलकर झेरिया, छग रजक महासंघ अध्यक्ष किशन लाल निर्मलकर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रजक महासंघ प्रभुनाथ बैठा, छग रजक समाज महासंघ उपाध्यक्ष ओपी रजक, डिप्टी डॉयरेक्टर व कोषाध्यक्ष छग रजक समाज महासंघ आरएल मालवीय, महासचिव राष्ट्रीय रजक महासंघ चूडामणी निर्मलकर आदि मौजूद होंगे। इसके अलावा पहुना के रुप में नगर निगम भिलाई सभापति गिरवर बंटी साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पार्षद 17 भोजराज सिन्हा, केशव चौबे,लालचंद वर्मा, कालीबाड़ी भिलाई नगर अध्यक्ष संजय दत्ता, समाज सेवी राजू रजक, कृष्णा निर्मलकर भी पहुंचेगें।

### बायोमेट्रिक अपडेट के लिए अभियान जारी

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में आधार कार्ड के सुदृढ़ीकरण और बच्चों के डेटा अपडेशन के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट मेन्डेटरी बायोमेट्रिक अपडेट एमबीयू अभियान चलाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में जिले में कुल 23,905 मामले लंबित हैं, जिन्हें समय सीमा में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले चार महीनों से विभिन्न स्कूलों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से अब तक 50,000 से अधिक बच्चों का सफलतापूर्वक बायोमेट्रिक अपडेट किया जा चुका है। इस अभियान की समग्र प्रगति आकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 तक जिले में कुल 1,549 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

## आस्था : चंदनबिरही में ज्ञान यज्ञ, सप्ताह भर से गूंज रहा राम का नाम

# माता बगदाई मंदिर की स्वर्ण जयंती पर लगा भक्ति का महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम चंदनबिरही विकासखंड गुण्डरदेही में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है, जहाँ माता बगदाई मंदिर प्रांगण में अखंड राम सप्ताह ज्ञान यज्ञ और मंदिर के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में पूरा क्षेत्र श्री राम के जयघोष से गुंजायमान हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन विभिन्न मानस मंडलियों और भजन टोलियों द्वारा प्रभु श्री राम की महिमा का बखान किया जा रहा है। दूर–दराज से आई मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। 100 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को समेटे माता बगदाई मंदिर की स्वर्ण जयंती के अवसर पर विशेष साज–सज्जा और धार्मिक अनुष्ठानों ने माहौल को दिव्य बना दिया है। समारोह के आयोजन के दौरान कांकेर सांसद भोजराज नाग एवं बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम माता बगदाई की पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना की। भोजराज नाग ने कहा कि आज चंदनबिरही की पावन धरा पर माता बगदाई के सानिध्य में आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। किसी मंदिर के 100 वर्ष पूर्ण होना हमारी पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही आस्था और संस्कारों का प्रमाण है। प्रभु श्री राम का जीवन हमें मर्यादा और संघर्ष सिखाता है। आज जब हम राम सप्ताह मना रहे हैं, तो हमें केवल राम का नाम नहीं लेना है, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना है। यह स्वर्ण जयंती समारोह हमारी संस्कृति के संरक्षण का एक बड़ा स्तंभ है।

- सांसद भोजराज नाग और जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने की पूजा–अर्चना





### अगली पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक

चायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि ग्राम चंदनबिरही ने आज भक्ति और शक्ति का जो उदाहरण पेश किया है, वह सराहनीय है। अखंड राम सप्ताह के माध्यम से जो सकारात्मक ऊर्जा यहाँ प्रवाहित हो रही है, वह गाँव के विकास और भाईचारे को नई मजबूती देगी। माता बगदाई का आशीर्वाद हम सभी पर है कि आज हम इस ऐतिहासिक स्वर्ण जयंती के साक्षी बन रहे हैं। 100 वर्षों से यह मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। हमारी आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। आयोजन समिति और समस्त ग्रामवासियों ने जिस तन्मयता से इस यज्ञ को सफल बनाया है, वह गौरव का विषय है। मंदिर के 100 साल पूरे होने पर क्षेत्र की प्रतिष्ठित मानस मंडलियों द्वारा रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का सजीव वर्णन किया जा रहा है जिसमें ग्राम चंदनबिरही सहित आसपास के दर्जनों गाँवों के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कार्यक्रम के दौरान सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, टोमन साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही गुलशन साहू, जिला महामंत्री भाजयुमो अनूप देशमुख सहित जय मां बगदाई मंदिर समिति के सदस्यगण और ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## चिंगरी में श्रीमद भागवत कथा, श्रीराम और श्रीकृष्ण की कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में चल रहे श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान कथा व्यास पं. भूपेंद्र पाण्डेय महाराज (गुंडरदेही, जिला बालोद) ने श्रीराम जन्म और श्रीकृष्ण जन्म की पावन कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

- पं. भूपेंद्र ने कथा के दौरान दिया धर्म, भक्ति और कर्तव्य का संदेश

कथा के दौरान पं. पाण्डेय महाराज ने बताया कि जब पृथ्वी पर अत्याचार और अधर्म बढ़ गया था, तब भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में अवतार लेकर रावण का वध कर धर्म की स्थापना की। श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा और कर्तव्य पालन की प्रेरणा देता है। इसके बाद श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि मथुरा में कंस के अत्याचारों से पृथ्वी त्रस्त हो गई थी, तब भगवान ने श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लेकर अधर्म का नाश किया। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनके जीवन से मानव को प्रेम, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। परिक्षित में सेवानिवृत शिक्षक पोषण लाल साहू, भारती साहू बैठे हैं।



### भजन-कीर्तन के दौरान भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

कथा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों के साथ भाव-विभोर हो गए। आयोजन समिति ने बताया कि ग्राम चिंगरी में यह श्रीमद भागवत कथा 13 मार्च तक प्रतिदिन आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।



## कुसुमकसा के वार्ड 8 में 25.20 लाख के दो निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्रापं कुसुमकसा के वार्ड क्रमांक 8 मे जिला खनिजसंस्थान न्यास निधि से 25.20 लाख रुपयो से स्वीकृत दो निर्माण कार्यो का भूमिपूजन सौरभ लुनिया महामन्त्री भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद के मुख्य अतिथि मे किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता वेदबाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा व विशिष्ट अतिथि मुकेश कोडो अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी, मंजू बैस जनपद सदस्य, योगेंद्र सिन्हा गाँधी अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा, नितिन जैन उपसरपंच, संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य थे कार्यक्रम का शुभारंभ धरती माँ की पूजा अर्चना व दीप प्रज्जवलित कर गैती चलाकर किया गया। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से स्वीकृत कार्यो मे 19,92,000 रुपये से समरसता भवन के पास जागेश्वर कुरेटी के घर से समरसता भवन तक एवम् हेमंत कुरेटी घर से मेन रोड तक सी सी रोड निर्माण सह क्रांकटी करण कार्य व 5,28,000 रुपये से स्वीकृत वार्ड क्रमांक 8 में प्रहलाद घर मेन रोड से मंच तक व रोड से जागेश्वर कुरेटी घर तक सी सी रोड निर्माण किया जाना है ग्रापं कुसुमकसा की सरपंच, पंचगण सहित ग्रामीणों ने वार्ड क्रमांक 8 मे विकास की कड़ी मे उक्त निर्माण कार्य स्वीकृत कराने पर सौरभ लुनिया का आभार व्यक्त किये है।



- डीएमएफ निधि से सीसी रोड व क्रांकटीकरण कार्य को मिली स्वीकृति

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पंचगण संतोष जैन, पंकज जेठवानी, कोमल सिंह हिडको, हेमलाल रावटे, निर्मला जगनायक, सीताबाई चुरेन्द्र, कुमारी मंडावी, चित्ररेखा मरकाम, सहिस्ता बेगम, सुगरा बेगम, खेमिन निर्मलकर, पंचायत सचिव सुखित भुआर्य भाजपा नेता मनीष जेठवानी, पोषण भूआर्य, शिवराम सिंद्रामे पुष्पजीत बैस सहित ग्रामीण जन कन्हैयालाल भौसार्य, मोहन सिंद्रामे, फूलसिंह पोटाई उपस्थित थे।

## गायत्री शक्तिपीठ की बैठक में सामाजिक जागरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गायत्री परिवार के उपजोन समन्वयक केपी सिंह की टीम गायत्री शक्तिपीठ बालोद पहुंची। उन्होने बताया शांति कुंज हरिद्वार के गुरु माता भगवती देवी शर्मा के 100 वर्ष पूर्ण होने तथा 1926 में जलाए गए अखंड दीप का भी 100 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है जिसमे विश्व स्तर के कार्यक्रम कराए जा रहे।

- उपजोन समन्वयक केपी सिंह की टीम पहुंची बालोद, नए ब्लॉक पदाधिकारियों का गठन

इस दौरान केपी सिंह ने कहा की अनुयाज कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक गांवों में जाकर सामाजिक कुरीतियां, नशा पान और अशिक्षा को समाप्त कर नारी जागरण, पर्यावरण, स्वास्थ्य सेवा, वृक्षारोपण और गुरुदेव के साहित्य को घर घर जन जन तक ले जाना है। इसके लिए उन्होने गांवों में युवा टीम गठन करना आवश्यक बताया। केपी सिंह ने बताया कि बालोद गायत्री परिवार ट्रस्ट का 3 वर्ष का कार्यकाल समाप्त हो गया, नया गठन करने प्रस्ताव हरिद्वार भेजने निर्देशित किया। सिंग के साथ आए गायत्री परिवार के अतिथियों को गायत्री परिवार द्वारा मंत्रेचारन से गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। रविवार को गायत्री शक्तिपीठ में मीटिंग आयोजित किया गया, जिसमे बालोद ब्लाक के लिए ब्लाक समन्वयक और ब्लाक पदाधिकारियों का गठन किया गया। पूर्व ब्लाक समन्वयक लोचन राम साहू को ही पुनः ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया और ब्लाक सह समन्वयक मानसिंह साहू को प्रभारी बनाया गया।





### इन्हें सर्वसम्मति से किया गया स्वीकृत

ब्लाक समिति गठन के तहत कार्यालय प्रभारी त्रिलोक सिंह साहू, आंदोलन संयोजक रामभरोसा ठाकुर, लेखानुदान टीआर साहू, कार्यक्रम प्रशिक्षण संयोजक शिव कलिहारी, ट्रस्टी प्रतिनिधि कमल साव, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा युगल किशोर साहू, रचनात्मक आंदोलन मोहन साहू, मीडिया सूचना संचार आरपी यादव, नारी जागृति अभियान शांति साहू, युवा दीया जागृति अभियान मुकेश साहू को सर्व सम्मति से स्वीकृत किया गया।

### 24000 हजार मंत्रोगा अनुष्ठान

इस दौरान चैत नवरात्रि में 24000 हजार मंत्रों का अनुष्ठान होंगे। जिसके लिए हेमवती सिहारे, युगल किशोर साहू, सत्यभामा साहू, टीआर साहू, शांति साहू, लोचन साहू, मोहन साहू, वीरेंद्र राना, मोना, देशवी त्रिलोक साहू को जिम्मेदारी दी गई हैं। नवरात्रि 19 मार्च को देव स्थापना और ज्योति जागृति, 27 मार्च को 5 कुंण्डीय यज्ञ पूर्णाहुति गोष्ठी भोजन प्रसादी होगा।

## देवरी मंडल में विभिन्न मोर्चा अध्यक्षों की नियुक्ति



**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख एवं मोर्चा-प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों की सहमति से भाजपा मंडल देवरी में विभिन्न मोर्चा अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।

नियुक्ति के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। जारी सूची के अनुसार युवा मोर्चा अध्यक्ष पद पर फनेश्वर साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष के रूप में भुनेश्वरी ठाकुर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष पद पर शुभम देशमुख, किसान मोर्चा अध्यक्ष पद पर यादराम सिन्हा तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष पद पर संतराम तारम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

### इन्होंने दी बधाई

नवनियुक्त पदाधिकारियों को मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, उपाध्यक्ष उत्तम साहू, रामलाल नायक, ऊर्मिला साहू, नेमीन साहू, महामंत्री राधेश्याम देवांगन एवं टुमन लाल साहू, कोषाध्यक्ष नरेश कुमार साहू, मंत्री जागृत देवांगन, पुनिया ठाकुर, मिथलेश तिवारी, दुलारी देवांगन, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी, पिछड़ा वर्ग कोषाध्यक्ष पोषण देवांगन और नागेश ठाकुर सहित मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## आलबरस में दो दिवसीय फाग स्पर्धा 14 व 15 को

**अंडा।** दुर्ग जिले के ग्राम आलबरस में जय मां सरस्वती जगराता जस एवं फाग परिवार के तत्वावधान में आठवां वर्ष दो दिवसीय भव्य फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 एवं 15 मार्च 2026 को शनिवार और रविवार को शिव शक्ति चौक आलबरस में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से फाग मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति द्वारा बताया गया है कि प्रतियोगिता में फाग गायन और झांकी दोनों वर्गों में पुरस्कार रखे गए हैं। इसके अलावा प्रतियोगिता में शामिल होने वाली प्रत्येक मंडली को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्राम आलबरस में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में फाग मंडलियों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं और ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होकर फाग प्रतियोगिता का आनंद लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर-दराज के कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देने पहुंचते हैं।

## गति के लिए चरण और प्रगति के लिए आचरण जरूरी: रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम सहगांव भाटापारा में रत्नावली मानस मंडली द्वारा संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्याख्याकार रमन लाल धनेंद्र ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में सफलता और प्रगति के लिए अच्छे आचरण का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे को उपहार न दिया जाए तो वह कुछ समय के लिए रोता है, लेकिन यदि उसे संस्कार न मिले तो वह जीवन भर दुखी रहता है। शिक्षा कहीं से भी प्राप्त की जा सकती है, परंतु संस्कार हमेशा घर से ही मिलते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि तीर को आगे छोड़ने से पहले पीछे खींचना पड़ता है, उसी प्रकार जीवन में अच्छे दिनों के लिए बुरे दिनों से संघर्ष करना पड़ता है।

- युवाओं को समर्पण, भक्ति और अच्छे आचरण के महत्व से कराया अवगत



रमन लाल धनेंद्र ने कहा कि रिश्ते गहरे हों या न हों, लेकिन उनमें भरोसा गहरा होना चाहिए। गुरु वही श्रेष्ठ होता है जिसकी प्रेरणा से किसी का चरित्र बदल जाए और मित्र वही श्रेष्ठ होता है जिसकी संगत से व्यक्ति की रंगत बदल जाए। उन्होंने कहा कि इत्र, मित्र, चित्र और चरित्र किसी की पहचान के मोहताज नहीं होते, ये स्वयं अपना परिचय दे देते हैं। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि जीवन में जो भी कार्य करें, उसे पूर्ण समर्पण भाव से करें। प्रेम मीरा की तरह, भक्ति हनुमान की तरह, प्रतीक्षा शबरी की तरह, शिष्य अर्जुन की तरह और मित्रता श्रीकृष्ण की तरह निभानी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, खुश रहने के लिए मानसिक स्थिति का मजबूत होना आवश्यक है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में डोमन लाल तारम, रामनाथ तारम, हरिचंद, लोमेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, दोषकुमार, तक्ष, सोनबती, अमरोतीन बाई, देवकी, लीला बाई, रासी, मनीषा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## संयुक्त यूनियन की साम्राज्यवाद विरोधी दिवस सभा आज

**भिलाई।** देश के विभिन्न केंद्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर दस मार्च को संयुक्त यूनियन द्वारा विश्व शांति के समर्थन में साम्राज्यवाद विरोधी दिवस मनाया जाएगा। 10 मार्च की शाम 6.30 से 7.30 बजे तक सेल परिवार चौक, सेक्टर-6, में सभा आयोजन कर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर युद्ध विरोधी संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इंटक कार्यालय सेक्टर 4 में हुई संयुक्त यूनियन की बैठक में तैयारी पर चर्चा हुई औरश्रमिकों, कर्मचारियों वनागरिकों से सभा में शामिल होकर युद्धा विराम का संदेश पहुंचाने की अपील की गई।





तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

